## जबलपुर बना देश का पहला शहर

# 5 हजार सफाई संरक्षकों का समारोह में सम्मान

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर देश का पहला ऐसा नगर बन गया है जहाँ एक साथ 5 हजार सफाई संरक्षकों का सम्मान बड़े मंच पर पूज्य संतों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। यह आयोजन महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की पहल पर नगर निगम द्वारा आयोजित किया गया।

सम्मेलन में दण्डी स्वामी कालिकानंद सरस्वती, स्वामी राघवदेवाचार्य एवं महंत चन्द्रशेखरानंद सहित मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। ब्राम्हणों ने तिलक लगाकर सफाई संरक्षकों का मंच पर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने सभी संतों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों का आभार जताया।

मंत्री राकेश सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा, "ये सफाई संरक्षक साधारण नहीं, असाधारण व्यक्तित्व के धनी हैं। स्वच्छता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और महापौर अन्नू के माध्यम से साकार हो रहा है।"




सम्मान समारोह के उपरांत महापौर अन्नू ने आगामी मानसून को देखते हुए 5 हजार सफाई संरक्षकों को बरसाती भी वितरित की । कार्यक्रम के दौरान एक विशेष स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कर सभी 5 हजार सफाई संरक्षकों का परीक्षण किया गया और निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। महापौर अन्नू ने कहा, "ये हमारे शहर के लिए ऑक्सीजन जैसे हैं, इनके बिना स्वच्छता असंभव है। ये हमारे असली हीरो हैं। महापौर ने घोषणा की कि नगर निगम के बजट में प्रावधान करते हुए अब हर वर्ष सफाई संरक्षकों का वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

### निष्कर्ष

यह आयोजन सिर्फ सम्मान नहीं था, यह समाज के उस तबके के लिए मानवीय कृतज्ञता की गूंज थी जो निःस्वार्थ सेवा से शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखता है। जबलपुर की इस पहल ने पूरे देश को स्वच्छता योद्धाओं के महत्व का एहसास कराया है।



# अच्छी बातों के साथ सोशल मीडिया में आगे आयें : सिंह

**जबलपुर।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने दोपहर होटल गुलजार में आयोजित सोशल मीडिया कार्यशाला में भाग लिया। इस दौरान प्रख्यात लेखक व चिंतक प्रशांत पॉल सहित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मौजूद थे। मंत्री श्री सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी बातों के साथ सोशल मीडिया में आगे आयें। सोशल मीडिया प्लेटफार्म को सकारात्मक रूप दें, देश में सब कुछ जब सकारात्मक हो रहा है तो इसमें आपकी भूमिका भी सकारात्मक होनी चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से कहा कि आप समाज को दिशा और दशा देने वाले लोग हैं, अतः केन्द्र और राज्य सरकार की अच्छी बातों को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया का समय है, जिसमें अपनी बातों को शीघ्रता से लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओव्हर के मुद्दे पर सकारात्मक बात करते हुए कहा कि अभी इस पर 25 करोड़ की लागत से लाईट का कार्य चल रहा है, जो आने वाले समय में भव्य और आकर्षक रहेगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इतने में तो एक नया फ्लाई ओव्हर बन सकता है। उन्होंने कटंगा फ्लाई ओव्हर का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी लागत 16 करोड़ रूपये है। मंत्री श्री सिंह ने जबलपुर के विकासगाथा का जिक्र करते हुए कहा कि कभी जबलपुर को बड़ा गांव कहा जाता था, लेकिन आज जबलपुर में एयरपोर्ट के साथ विकास की दृष्टि से कोई कमी नहीं है। उन्होंने जबलपुर के विकास के लिए सांसद और विधायक रहते हुए अथक प्रयास किये हैं। जनप्रतिनिधि के रूप में वे जनता का ऋण अदायगी विकास के माध्यम से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2 साल बाद जबलपुर नए स्वरूप में होगा, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आयेंगे। उनमें विकास के कार्य करने की जोश है, अतः सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर में भी विकास व सकारात्मक बातों को लेकर जोश होना चाहिए, झूठ भी बिना पंख के उड़ता है, लेकिन हमें सच का साथ देना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गढ़ा की बावली को पूरे देश में जल मंदिर के रूप में स्थापित की गई, गुजरात के अलावा ऐसा दूसरा जल मंदिर कहीं नहीं है। कार्यशाला के दौरान कहा कि प्रख्यात चिंतक श्री प्रशांत पॉल ने भी कहा कि आज के समय सोशल मीडिया काफी प्रभावी साधन है। कई देशों में सोशल मीडिया ने सत्ता परिवर्तन तक कर दिया है, अतः उन्होंने कहा कि इनफॉर्मेशन वॉर में न फसें, सही तथ्यों के साथ शीघ्र प्रतिक्रिया दें और सकारात्मक व सर्वांगीण विकास की झलक सोशल मीडिया में आनी चाहिए।




### विकसित भारत के लिये मोदी सरकार के 11 साल समर्पित

# देश सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के चौथे पायदान पर पहुंचा

हरिभूमि जबलपुर।

केन्द्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने यहां कहा की सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर विकसित भारत के लिये मोदी सरकार पिछले 11 सालों में समर्पित रही है. नये भारत ने बता दिया की किस तरह आतंकियों को घर में घुसकर नेस्तानाबूद किया जाता है. जबलपुर प्रवास पर आए श्री वर्मा यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे. इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद मती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, तैलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकिरण साहू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज आदि मौजूद थे।

श्री वर्मा ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और एयरबेस को ध्वस्त कर दुनिया को यह दिखा दिया की नया भारत सिर्फ शांति की बात नहीं आतंक का सफाया भी करता है।

उन्होंने कहा की संकट काल के दौरान विश्व के हर कोने में भारतीय सुरक्षित हैं. भारत ने आतंक पर नकेल कसी, विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था हम बने. धरती के साथ अंतरिक्ष में भी हमारी ताकत बढ़ी, मोदी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण को भी गति दी. उन्होंने कहा की पर्याववरण संकल्प, विकास के साथ विरासत और महिला आत्म सम्मान बढ़ाने की दिशा में काम किये गये. युवा शक्ति को नई दिशा देने के साथ ही जन स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

## पुरानी रंजिश पर किया ब्लेड से हमला

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत कटरा मोहल्ला में पुरानी रंजिश पर एक बदमाश ने एक युवक को जातिगत रुप से अपमानित कर उसके साथ मारपीट कर ब्लेड से हमला कर जान से मारने की धमकी दी।पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटरा मोहल्ला पाटन निवासी 16 वर्षीय कमल गौंड ठाकुर गत रात लगभग 11 बजे मोहल्लें के सत्यम कड़ेरे के साथ घर के बाहर सड़क पर खड़े होकर बातचीत कर रहा था, तभी सचिन उर्फ बाबाजी विश्वकर्मा दोनों को साथ में बातचीत करते देख और पुरानी रंजिश पर गाली गलौज करते हुये जातिगत रूप से अपमानित करने लगा, गालियां देने से मना करने पर सचिन उर्फ बाबाजी विश्वकर्मा ने ब्लेड से उसके हाथ पर हमलाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(3) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 500 पाव शराब से भरी कार छोड़कर भागे आरोपी

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत गत रात कटंगी बायपास की ओर से पाटन बायपास की तरफ से आ रही एक कार में अवैध रुप से परिवहन कर ले जायी जा रही 500 पाव देशी शराब पुलिस ने जब्त कर ली है वहीं आरोपी फरार है। माढ़ोताल थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि गत रात कटंगी बाईपास की ओर से पाटन बाईपास की तरफ से एक सफेद कलर की होण्डई कंपनी की ओरा कार क्रमांक एमपी 07 सीएच 9660 में एक व्यक्ति अधिक मात्रा में शराब बेचने के लिए लेकर आ रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कटंगी वाईपास सर्विस पर नाकाबंदी कर कार को रोकने का प्रयास किया तो कार चालक पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में सफल हो गया। पुलिस ने मौके से कार की डिक्की में रखे 10 कार्टून में देशी शराब के कुल 500 पाव देशी शराब जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रूपये बताई गई है। पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### विद्युत आपूर्ति में आ रहे अवरोध एवं कॉल-सेंटर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की

# ऊर्जा मंत्री ने बिजली संबंधी शिकायतों के निपटारे में हो रही देरी पर नाराजगी जतायी

हरिभूमि जबलपुर।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बिजली संबंधी शिकायतों के निपटारे पर हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रबंध संचालक से लेकर कार्यपालन स्तर तक के सभी अधिकारी रात्रि के समय क्षेत्रों का भ्रमण कर बिजली की वास्तविक स्थिति का आंकलन करें। साथ ही निरीक्षण रिपोर्ट मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। श्री तोमर ने बुधवार को विद्युत आपूर्ति में आ रहे अवरोध एवं कॉल-सेंटर के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों के निराकरण की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिये।

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिये टीम की संख्या बढ़ायें। उन्होंने कहा कि विद्युत अवरोध एवं उसके निराकरण से संबंधित जानकारी जन-प्रतिनिधियों, स्थानीय मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित करें। मैदानी स्तर के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं के फोन अटेंड करना सुनिश्चित हो। विद्युत कनेक्शन में भार वृद्धि के संबंध में जागरूक किया जाये।



### ऊर्जा मंत्री के कार्यालय में बना कॉल-सेंटर

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि वर्षाकाल में बिजली की शिकायतों के मद्देनजर मेरे कार्यालय में भी आगामी 3 माह के लिये एक अस्थाई कॉल-सेंटर स्थापित किया गया है। कॉल-सेंटर का नम्बर 0755-4344299 है। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि इस नम्बर पर सम्पर्क करने के पूर्व बिजली कम्पनी के मुख्य कॉल-सेंटर 1912 पर शिकायत जरूर दर्ज करायें और उसका क्रमांक साझा करें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में प्रबंध संचालक एमपी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी श्री अवनीश लवानिया, सभी विद्युत कम्पनियों के एमडी, क्षेत्रीय मुख्य अभियंता और मुख्य महाप्रबंधक शामिल हुए।

## कलेक्टर-एसपी ने लाडली बहना एवं महिला सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा

**जबलपुर।** जिले के शहपुरा विकासखण्ड के ग्राम बेलखेड़ा में आयोजित किये जा रहे राज्य स्तरीय लाडली बहना एवं महिला सम्मेलन की तैयारियों का आज बुधवार को बरगी विधायक नीरज सिंह के साथ कलेक्टर दीपक सक्सेना एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने व्हीव्हीआईपी रुट से लेकर मंचीय व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के बाद कार्यक्रम स्थल के समीप बनाये जा रहे अस्थाई हेलीपेड का भी निरीक्षण किया और सुरक्षा के मद्देनजर सभी जरूरी एहतियात बरतने की हिदायत अधिकारियों को दी। ज्ञात हो कि बेलखेडा में 13 जून को आयोजित राज्य स्तरीय लाडली बहना एवं महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल हो रहे हैं। डॉ यादव इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की प्रदेश भर की लाभार्थी बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से योजना की जून माह की किश्त अंतरित करेंगे तथा बहनों से संवाद भी करेंगे। सम्मेलन में मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एलपीजी कनेक्शनधारी उपभोक्ता एवं गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की हितग्राही बहनों को रसोई गैस रिफिल के लिये 450 रुपये की अनुदान राशि का वितरण भी किया जायेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना की राशि का तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की माह मई पेड इन जून की राशि का वितरण भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इस सम्मेलन में सिंगल क्लिक के माध्यम से करेंगे। सम्मेलन की तैयारियों के निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा भी मौके पर मौजूद थे।

### 9 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जंगी प्रदर्शन, वाटर कैनन नहीं रोक पाई पुलिस से झड़प

# कचरे के साथ नर्मदा जल लेकर नगर निगम पहुंची युकां

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर युवक कांग्रेस ने बुधवार को नगर निगम का घेराव कर जंगी प्रदर्शन किया। युवक कांग्रेस नेता समर्थ अवस्थी के नेतृत्व में जनहित से जुड़ी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस के द्वारा प्रतीकात्मक रूप से कचरा एवं मां नर्मदा में मिल रहा गंदा पानी जो लेकर शांतिपूर्ण ढंग से नगर निगम में सोये अधिकारियों को सौंपने जा रहे थे जिसे जबरन रोके जाने पर पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेट्स को हटाने की कोशिश में कुछ कार्यकर्ताओं और पुलिस कर्मियों के बीच धक्का-मुक्की हुई, जिसके बाद पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने की कोशिश की। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगें नगर निगम प्रशासन तक पहुंचाईं और चेतावनी देते हुए दो हफ्ते का समय दिया, यदि इस समय में निगम के द्वारा जनता के हित में उचित कार्रवाई नहीं की जाएगी, तो युवक कांग्रेस नगर निगम को चारों ओर से घेरकर एवं जिले के सभी जोनों में जंगी प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी।





### इन मांगों को लेकर आक्रोशित थी युकां

युकां नेता समर्थ अवस्थी ने आरोप लगाते हुए बताया कि डोर टू डोर सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। लेबर चौक से खान ब्यूरो, रामपुर से ग्वारीघाट मार्ग पर निर्माण कार्य के नाम पर खुदाई कर दी गई जिससे आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा जल संकट, निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार, स्ट्रीट लाइटों का बंद होना नगर निगम द्वारा संचालित स्कूलों की स्थिति दयनीय होना प्रमुख बिंदु थे।

### नहीं तो होगा व्यापक आंदोलन

पूर्व मंत्री और विधायक लखन घनघोरिया, नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, रत्नेश अवस्थी की मौजूदगी में युकां नेता समर्थ अवस्थी ने नगर निगम अधिकारियों को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की जाती तो इस आंदोलन को व्याप्त रूप दिया जाएगा। जिसकी जवाबदारी नगर सत्ता की होगी।

### पहला प्रदर्शन जिसमें दिखा उत्साह

युवक कांग्रेस के इस प्रदर्शन को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्मा गया है। दरअसल अभी तक नगर कांग्रेस के इतने आयोजन शहर में हुए मगर इतना उत्साह कहीं नहीं देखा गया। लेकिन जिस तरह से युवक कांग्रेस नेताओं ने एकजुटता दिखाई उसे देखकर वरिष्ठ नेता भी बंगले झांकते रह गए।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से समर्थ अवस्थी, शिशिर नन्होरिया, अमित मिश्रा, राहुल यादव, प्रतीक दुबे, यश गुप्ता, आमिर पहलवान, मोहम्मद अली, राहुल शर्मा, नीलेश महार, अमन मेहरा, गौरव राजपूत, अंकित सतनामी, सुजल बैरागी, विक्रम सिंह, राजेश यादव, अयोध्या तिवारी, जतिन राज, गुलाम हुसैन, अनुराग गड़वाल, विजय रजक, आजम अली, ताहिर अली, अहमद मंसूरी, राजू लाइक, शुभम श्रीवास्तव, सिद्धांत जैन, अभियत बाजपेई, चमन राय, अमित सोनकर, राहुल बघेल, अजय चक्रवर्ती, ऋषभ मिश्रा, साहिल यादव, अनुज यादव, कौशल यादव, रिज़वान अली, देवेंद्र काली, सौरभ गौतम, सचिन रजक, सचिन वर्मा, शिवम गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

# संभागायुक्त ने की कलेक्टरों के साथ वीसी

**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टर्स से शासन के कार्यक्रमों एवं प्राथमिकता अभियानों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। जिसमें मुख्य रूप से राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों के संबंध में आयुक्त द्वारा समीक्षा की गई। संभाग आयुक्त द्वारा अभियान के तौर पर कम प्रगति वाले राजस्व न्यायालयों के अधिकारियों के साथ प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आज की समीक्षा में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिए। नामांतरण, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकृत किया जाए। सीएम हेल्पलाईन, सीपी ग्राम, सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट के लंबित प्रकरणों की समीक्षा पर उन्होंने कहा कि प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करना सुनिश्चित किया जाये। बाढ़ एवं मानसून पूर्व तैयारियों की सतत समीक्षा के निर्देश भी दिए गए। संभागायुक्त ने ई-ऑफिस संचालन के संबंध में भी समीक्षा की।

वीसी के दौरान उन्होंने टेकहोम राशन, आंगनवाड़ियों व पोषण पुनर्वास केन्द्र के नियमित संचालन और एसएनसीयू में भर्ती बच्चों के फॉलोअप की समीक्षा की। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि टेक होम राशन के वितरण की आवश्यक मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग के भूमि आवंटन संबंधी तथा भू-अर्जन प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। इसके अलावा संभागायुक्त ने समग्र में ई-केवायसी, मनरेगा के लेबर बजट, प्रधान मंत्री आवास योजना, गंगा जल संवर्धन अभियान, जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी कलेक्टर्स से कहा कि ये महत्वपूर्ण अभियान है, अतः इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये।

## खबर संक्षेप

### एड. राजकुमार दुबे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसियेशन जबलपुर की मासिक बैठक 10 जून को बरगी हिल्स में आयोजित की गई, जिसमें एड. राजकुमार दुबे प्रांताध्यक्ष को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चुने जाने पर उनका सम्मान शाल, श्रीफल, तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर केएस ठाकुर, एसके तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद सेन, वृंदावन साहू, ललित कुमार मिश्रा, जेपी यादव, अट्ठीलाल झारिया, नीलेश तिवारी, रामरतन चड़ार, प्रीतमलाल झारिया, अभय जोशी, इन्द्रकुमार शर्मा, स. महेन्द्र सिंह, विनय कुमार तिवारी, समस्त ब्लाक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### 2 स्कूटी आपस में भिड़ी, 3 घायल

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत हांडा पेट्रोल पंप के पास दो स्कूटी की आपस में भिंडत हो गई, जिसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदा नर्सरी रांझी निवासी 34 वर्षीय श्रीमति प्रियंका शर्मा गत दिवस रोहित और समर पटेल के साथ स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एस यू 7535 से गौरीघाट गई थी। स्कूटी प्रियंका चला रही थी। गौरीघाट से दर्शन करने के बाद घर आते समय देर रात लगभग 1.30 बजे हांडा पेट्रोल पम्प के पहले स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेड पी 7404 के चालक ने सामने से उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे प्रियंका रोहित और समर तीनों स्कूटी सहित गिर गये, जिससे उसकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई और प्रियंका को कान और सीने में अंदरुनी चोटें आई है। पुलिस ने आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### क्या क़सूर मेडिकल स्टूडेंट का?

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री मोहन यादव को एक पत्र भेजा गया जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में शिवांश गुप्ता द्वारा की गई आत्महत्या की जाँच सीबीआई से कराने की माँग की गई। आख़िर जो बच्चा पहली बार में नीट् परीक्षा पास कर आया वो पढ़ाई से नहीं डरेगा, अक्सर आत्महत्या के लिए रैगिंग ज़िमेदार हो सकती है जिसे शायद पुलिस और चिकित्सा विभाग दबा रहा है, दोषियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर आत्महत्या को उकसाने वाले जिम्मेदार और गुनाहगारों की मदद करने वालों को तुरंत निष्कासित किया जाए ताकि किसी का ज़िंदा बच्चा सही घर आए मृत नहीं, शासन की गंभीरता जाँच के बाद स्पष्ट होगी। यदि जाँच में ख़ामिया पाई जाती हैं तो इस मामले को सीबीआई को देने की मांग की गई ताकि निष्पक्ष जाँच हो। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. आशीष त्रिपाठी, एड. भावना निगम, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. दिगंत पाठक, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. अभिजीत जैन, डॉ. अश्विनी पाठक, डॉ. प्रशांत जैन, डॉ. राहुल अग्रवाल, कमरुल इस्लाम ख़ान, एड. रोशन मंध्यानी, एड. अंकित मिश्रा शामिल हुए।

## चार्तुमास में होगी सिर्फ नर्मदा कलश की परिक्रमा

# दंडवत करते भक्तों ने की नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा

**हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सुबह 4 बजे निकली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा**

हरिभूमि जबलपुर।

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सुबह 4:00 से संकीर्तन करते हुए कई चरणों में दंडवत करते निकली भयंकर गर्मी के बीच में हाथों में भगवा ध्वज संकीर्तन मंडलियों की टोली उत्साह बढ़ाते हुए नर्मदे हर का घोष कर रही थी।वृंदावन के गोवर्धन और चित्रकूट के कामतानाथ की परिक्रमा जैसा अद्भुत उत्साह दिखा। भक्त संकीर्तन के साथ पंचकोषी परिक्रमा कर रहे थे। नर्मदा मैया राधा कृष्ण की महाआरती के साथ स्वामी रामचंद्र दास महाराज सिद्धन माता के सानिध्य में 467 वी पंचकोषी दंडवत करते हुए निकाली गयी, उसके बाद 4 माह चातुर्मास के कारण पंचकोषी परिक्रमा बंद रहेगी। आश्रम में प्रतीकात्मक रूप में स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा की जाएगी कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर को नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा महाकुंभ से प्रारंभ होगी। सुबह पंचकोषी परिक्रमा आश्रम से प्रारंभ होकर पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार कल्याण तपोवन होते हुए लम्हेटा घाट में नाव से पार कर शानी मंदिर न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट से नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ स्वामी रामचंद्र दास महाराज के सानिध्य में बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र के वितरण के साथ यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा के अध्यक्ष डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे मीना पटेल श्याम मनोहर पटेल दुर्गा पटेल पप्पू चौबे विनोद दीवान मनोज गुलाबबानी विनोद विश्वकर्मा कैलाश विश्वकर्मा देवेंद्र नेमा सत्य प्रकाश नामदेव प्रभाकर चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।





## कृषि विवि में श्री अन्न प्रसंस्करण एवं खाद्य उत्पादों का प्रशिक्षण

# श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने करें जागरूक : पांडे

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा, श्रीअन्न प्रसंस्करण एवं मूल्य संवंर्धित खाद्य उत्पादों का कौशल विकास, तीन दिवसीय प्रशिक्षण का भव्य शुभारंभ अधिष्ठाता कृषि उद्यानिकी संकाय डॉ.एस.के. पांडे के मुख्यआतिथ्य में एवं प्रभारी डीन कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. जयंत भट्ट व सेवानिवृत्त पूर्व डीन डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में कृषि उद्यानिकी रहली के 26 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि डॉ. एस.के. पांडे ने श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने और इसका उपयोग, श्रीअन्न के फायदे और एवं उद्यमी बनने सहित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. जयंत भट्ट और डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये छात्रों से कहा कि अपने क्षेत्रों के लोगों को श्रीअन्न के उपयोग, महत्व एवं फायदे के बारे में जानकारी प्रदान करके परिवार, समाज, देशहित में सहभागी बनें, क्योंकि श्रीअन्न की खेती से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है, साथ ही इसके सेवन से शरीर स्वस्थ्य और ऊर्जावान होता हैं।



## दिलीप सिंह सग्गू पर किये गये प्राणघातक हमले के विरोध में एसपी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** निरभव निरवैर सेवक जत्थे के दमनीत सिंह प्रिंस भसीन ने बताया कि रांझी क्षेत्र के विभिन्न संगठनों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक को उनके कार्यालय में एक सामूहिक ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया कि दिलीप सिंह सग्गू जो कि स्वच्छ छवि के एक सामाजिक व धार्मिक व्यक्ति हैं। 08.06.2025 को रात्रि 9 बजे के करीब आरोपी मदन जायसवाल, सत्यम पंडित, पीयूष चढ़ार व अन्य के द्वारा विजय नगर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में आकर उधारी शराब की मांग की गई। मैनेजर दिलीप सिंह सग्गू द्वारा मना करने पर आरोपियों ने एक राय होकर गंदी-गंदी गालियां दी तथा पैसे लूट के उद्देश्य और हत्या के उद्देश्य से प्राणघातक हमला कर दिया जिससे दिलीप सिंह सग्गू व अन्य जो वहां मौजूद थे उन्हें काफी चोटें आईं। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस नेता पं. आलोक मिश्रा, चिंटू चौकसे, भाजपा पार्षद कमलेश अग्रवाल, पूर्व मंत्री हरेन्द्र जीत सिंह बब्बू, राजेश मिश्रा, दमनीत सिंह प्रिंस भसीन, टीटू जग्गी, नंदा ब्रदर्स, सहित बड़ी संख्या में रांझी क्षेत्र के सिक्ख संगत एवं अन्य वर्ग के लोग उपस्थित रहे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान, वैज्ञानिक चले किसान के द्वार

**जबलपुर।** जबलपुर जिले के कैलवास ग्राम पंचायत (बरेला) में विकसित कृष संकल्प अभियान 2025 जो कि राष्ट्रीय स्तर पर पूरे देश में कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आईसीएआर कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं राज्य कृषि विभाग के सहयोग से 29 मई से 12 जून तक चलाया जा रहा है, के क्रम में एक वृहद कृषक संवाद, परिचर्चा का आयोजन 10 जून को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जेएस मिश्र निदेशक खरपतवार अनुसंधा निदेशालय जबलपुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. दिनकर शर्मा संचालक प्रसार सेवा जेएनकेवीवी जबलपुर रहे, जिन्होंने कृषक भाई-बहनों से अपील करते हुए कहा कि उन्नत कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन, पशुपालन को वैज्ञानिक तरीके से करें ताकि ज्यादा से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण उत्पादन एवं आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर डॉ. पीके सिंह, डॉ. अच्छता तोमर, नेहा देशमुख, सरपंच गोपाल प्रसाद यादव, वुनेश झारिया, मिथलेश यादव सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष कृषक उपस्थित रहे।

## *भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए जून माह में स्कूल सुबह की पाली में लगाए जाएं*

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने बताया कि गर्मी अपनी चरमसीमा पर है और तापमान भी 45 डिग्री के आसपास है ऐसे में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए 16 जून से विद्यार्थियों के लिए जब स्कूल खोले जायें तो प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए पूरे जून माह स्कूल सुबह की पाली में ही लगाया जाना चाहिए जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर न पड़े और किसी प्रकार से नुकसान उठाना न पड़े। अतः संगठन आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र से मांग करता है की विद्यार्थियों/ छोटे बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए 16 जून से स्कूल सुबह की पाली में लगाए जाए।

# संत कबीर दास विचारक और क्रांतिकारी कवि थे : प्रो. शुक्ल



**जबलपुर।** हिंदी विभाग, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा कबीर दास जंयती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये प्रो. अरुण शुक्ल, विभागाध्यक्ष ने कहा कि कबीर दास केवल एक संत नहीं, बल्कि समाज सुधारक, विचारक और क्रंतिकारी कवि थे। उन्होंने अपने दोहों और साखियों के माध्यम से समाज में मानवतावादी विचारधारा बीजारोपण किया। जो वर्तमान में भी उतना ही प्रासांगिक है। वे समाज सुधार और धार्मिक एकता एवं सांप्रदायिक सद्भाव की प्रेरणा स्त्रोत थे।

कार्यक्रम में डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि कबीर दास सत्य, प्रेम और अहिंसा को अपनाने की प्रेरणा देते है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा कबीर दास की साखियों वाचन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, डॉ. ज्ञानेश पाण्डेय, डॉ. स्वाति मिश्रा, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत, डॉ. शैलेन्द्र भवदिया के साथ लगभग 45 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सिहोरा स्टेशन में ट्रेनों के स्टापेज को लेकर विधायक ने जीएम रेलवे को सौंपा ज्ञापन



**सिहोरा।** सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के स्टापेज की मांग को लेकर सिहोरा मझौली, बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा ट्रेन स्टापेज संघर्ष समिति की मुहिम लगातार जारी है इसी कड़ी में समिति के संयोजक अरुण जैन के नेतृत्व में विधायक सिहोरा एंव रेलवे जीएम को सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन आगमन पर ज्ञापन सौंपा। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने विधायक संतोष बरकडे से उनके कार्यालय पहुंचकर भेंट की एंव ज्ञापन सौंपा। विधायक बरकडे ने स्टापेज के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दिलीप दुबे, सत्य प्रकाश खरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, राजेश दाहिया, अनुपम सराफ, अंकित तिवारी, सतीश पटेल, रत्नेश दुबे, विनय जैन, दीपकदत दुबे, अखिल गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, रमेश परवानी आदि उपस्थित थे। जबलपुर पश्चिम मध्य रेल के जीएम के सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन आगमन पर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने रीवा नागपुर इतवारी, शहडोल नागपुर एंव शीघ्र प्रारम्भ हो रही रीवा पूना सहित अन्य ट्रेनों के स्टापेज सहित स्टेशन के सामने बाधक बन रहें ट्रांसफार्मर को हटाने, जीआरपी चौकी पुनः स्थापित करने सहित अनेक मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।



## पोड़ी पिपरिया में उर्स का आयोजन 13 को

**सिहोरा।** यादगारे हजरत गौसे आजम वलिये कामिल रहमत अलैह की शान में 30 वें साल भी निकटवर्ती ग्राम पोड़ी पोंडा पिपरिया आश्रम में उर्स का आयोजन किया गया है। जिसमें आज गुरुवार को ख्वाजा गरीब नवाज की शान में चादर पोशी व मिलाद शरीफ एंव कल 13 जून शुक्रवार को कब्बाली का शानदार आयोजन रात्रि 9 बजे से किया गया है।उर्स कमेटी के संचालक मोहम्मद इकबाल पंजी ने बताया कि भारत के मशहूर कव्वाल शब्बीर साबरी, सदाकत साबरी एवं हाजी मुईन निजामी,हाजी असलम निजामी उत्तर प्रदेश अपनी कव्वाली पेश करेंगे। आयोजन में पहुंचने की अपील उर्स कमेटी के अध्यक्ष शेख फरीद, उपाध्यक्ष नूर मोहम्मद मदारी, अयूब पेंटर,निजाम मंसूरी,डॉक्टर इरशाद, महबूब खान, शेख बबलू मदारी, मोहम्मद नौशाद, शेख रशीद, शेख अयूब, हनीफ बाबा, शेख अशरफ, सलीम पहलवान, शेख मोहर्रम, मंच संचालन मंसूर मंसूरी, नजीम मंसूरी आदि ने की है।



## कबीरपंथी समाज उत्थान समिति ने संत कबीर जयंती पर शोभायात्रा निकाली

**जबलपुर।** संत कबीर जयंती के अवसर पर जबलपुर संस्कारधानी में चारों तरफ संत कबीर की जयंती भव्य एवं विशाल रूप से मनाई जा रही है, इसी तारतम्य में कबीरपंथी समाज उत्थान समिति के द्वारा एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ जबलपुर के मालवी चौक से किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, अमित जैन, लेखराज सिंह, हिरदेश सिंह राजपूत की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कबीर धर्म प्रचारक महंत अंबिका दास, मुनीम दास सोनवानी, संतोष महंत की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। पूरी शोभायात्रा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में कबीरपंथी समाज उत्थान समिति के सुरेंद्र कुमार संत, कंचन दास कुलदीप, युधिष्ठिर सोनवानी, शिवनारायण पटेल, दयादास सोनवानी, इमरत दास सोनवानी, केहर दास सोनवानी, ओमकार सोनवानी, गौतम दास पनारिया, उमेश बैरागी, संतोष गायकवाड एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## निधन

**श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव-**



सुराही बिल्डिंग न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री अजय, अभय, गोपाल, मनोज व नीलेश श्रीवास्तव के पिता श्री श्रवण कुमार श्रीवास्तव (82) का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज गुरूवार को सुबह 10 बजे गौरीघाट मोक्षधाम की ओर प्रस्थान करेगी।

**श्री पारसनाथ शर्मा-** शीतलपुरी बल्देवबाग निवासी श्री पारसनाथ शर्मा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रकली अग्रवाल-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री परषोत्तम अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकली अग्रवाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रानी रजक-** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री दिलीप कुमार रजक की धर्मपत्नी श्रीमती रानी रजक (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कामता सोनखरे-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री कामता सोनखरे (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नीलेश पटेल-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री संतोष कुमार पटेल के पुत्र श्री नीलेश पटेल (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. दिव्या जाट-** कंजड़ मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री गिरीश जाट की पुत्री कु. दिव्या जाट (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तुलसी ठाकुर-** मांडवा रामपुर छापर निवासी श्री संतोष ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसी ठाकुर (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती स्नेहलता जाट-** कंजड़ मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री सिद्धनाथ जाट की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता जाट (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती हरछठ बाई कोल-** विजयनगर एमआर फोर निवासी श्री मिही लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती हरछठ बाई कोल (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुखमता चौरसिया-** वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री श्रीराम चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुखमता चौरसिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रमोद यादव-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री प्रमोद यादव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री काली चरण केवट-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री काली चरण केवट (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# मारपीट की तीन वारदातों में 5 घायल

**जबलपुर।** कोतवाली और गोरखपुर थाना क्षेत्र में मारपीट की तीन वारदातें सामने आई है। शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने पांच युवकों पर बीयर की बोतल, चाकू और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया।

कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यू जगदंबा कालोनी निवासी 35 वर्षीय अतुल नामदेव गत शाम लगभग 6.30 बजे अपने छोटे भाई अनिल नामदेव के साथ अपने काम से शिक्षक कालोनी जा रहा था। रास्ते में शनि रजक, विक्की उर्फ विकास रजक, सौरभ रैकवार मिले और उससे शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए की मांग करने लगे, मना करने पर तीनों उसके साथ गाली गलौज कर उस पर शनि रजक ने बीयर की बॉटल से सिर पर हमला कर दिया, अनिल नामदेव बीच बचाव करने लगा तो विक्की उर्फ विकास रजक एवं सौरभ रजक ने उसके साथ मारपीट कर उसे जमीन पर पटक दिया तथा तीनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1) 351, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

इसी तरह कोतवाली दुर्गाई मोहल्ला निवासी 18 वर्षीय निहाल चौधरी गत रात लगभग 10.30 बजे अपने दोस्त साहिल झारिया एवं पीयूष विश्वकर्मा के साथ पीयूष की एक्टिवा में रानीताल पेट्रोल पम्प से पेट्रोल डलवाकर उसके घर दुर्गाई मोहल्ला चेरीताल की ओर आ रहा था जैसे ही हरदौल मंदिर के पास रात लगभग 10.40 बजे पहुंचे तभी वहां पर बिट्टू गोटिया अपने साथियों के साथ मिला और उनका रास्ता रोककर शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, पैसे देने से मना करने पर बिट्टू गोटिया उसके साथ गाली गलौज करते हुये उसे एक्टिवा से उतार लिया और उसके साथ मारपीट करने लगा तथा चाकू से हमलाकर उसके पैर में चोटें पहुंचा दी। उसके साथी साहिल झारिया एवं पीयूष विश्वकर्मा ने बीच बचाव किया तो बिट्टू गोटिया ने साहिल झारिया पर की जांघ पर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 351(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS RAJENDAR SINGH CHHABRA I, HAVE CHANGED THE SPELLING OF MY FIRST NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS RAJENDRA SINGH CHHABRA S/O GODARMAL CHHABRA RESIDENT OF H.NO. 572, NAPIER TOWN, HAWBAGH BEHIND OF GORAKHPUR GURUDWARA, JABALPUR (M. P.) 482001

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 05 , नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./सं.अधि./सं.क्र.5/2025-26/21
दिनांक :- 10/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सौरभ केशरवानी, शेखर केशरवानी पिता स्व. राजेन्द्र केशरवानी ने भवन क्र. 995/1 का भाग वार्ड महात्मा गांधी भूतल 607+ 1199 व्या. +आ.प्रथम तल 1700 आ. दान पत्र माननीय न्यायालय के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 995/1 का भाग पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी छविरानी, बाला प्रसाद , महेन्द्र, राजेन्द्र भवन क्र. 995/1 का भाग पिन नं. 42001107/1000368803 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं. 05
नगर निगम, जबलपुर

## खबर संक्षेप

### न्यायालय ने मारपीट करने वाले दो आरोपियों पर लगाया जुर्माना

**उमरियापान**। मारपीट के दो अलग अलग मामलों में भी न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी ने दो अलग-अलग आरोपियों को न्यायालय उठने तक का कारावास और डेढ़-डेढ़ हजार रुपये का जुर्माना लगाया। दोनों प्रकरण साल 2017 के है। एडीपीओ विनोद सिंह लोधी ने बताया कि पप्पू उर्फ लखन दाहिया ने (48)इटवां निवासी ने अपने पड़ोसी प्रदीप को खेत में सिंचाई करने के लिए पाइप से पानी लेने को लेकर मारपीट कर दिया। वहीं उमरियापान थाना क्षेत्र के बिछिया निवासी नरेश गौंटिया( 60) ने शरद को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ितों न की शिकायत पुलिस थाना में दर्ज कराई।

### शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ किया कार्रवाई

**उमरियापान**। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चार वाहन चालकों के खिलाफ उमरियापान पुलिस ने कार्रवाई किया है। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि वाहन चैकिंग के दौरान यातायात के नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले राहुल पिता कैशव प्रसाद साहू निवासी बंधी धूरी, सूरज सिंह पिता प्यारे लाल नायक निवासी गोहरगंज जिला रायसेन,अर्जुन पिता रवि कोल निवासी ग्राम इटवा और सुनील पिता राममिलन चौधरी निवासी देवरी मंगेला के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

### जर्जर भवन मालिकों के विरूद्ध करें कार्रवाई

**कटनी**। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और मानसून आने के पहले जिला प्रशासन के सहयोग से जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित नागरिकों के उचित विस्थापन किये जाने के भी निर्देश दिये हैं। आयुक्त ने यह कार्यवाही नगर निगम अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को आगाह किया है कि सतर्कता के साथ की गई कार्यवाही से जनधन हानि से बचा जा सकता है। आयुक्त ने जर्जर भवनों की सूची तत्काल संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिये कहा है। आयुक्त नगरीय प्रशासन ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को अपने शहरी क्षेत्र के नाले-नालियों की साफ-सफाई प्राथमिकता से करवाने के लिये कहा है। उन्होंने कहा कि नाले-नालियों की उचित साफ-सफाई न होने की वजह से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इस वजह से नागरिकों को तकलीफ का सामना करना पड़ता है।

### पारदर्शी एवं त्वरित सेवा के लिए योजना

**कटनी**। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केन्द्रीकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना प्रारंभ की है। यह योजना डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी और त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से लागू की गयी है। ई-नगरपालिका 1.0 द्वारा नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहाँ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। ई-नगरपालिका 2.0 का विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग आदि एवं भारत सरकार के महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप जैसे उमंग से भी एकीकृत किया गया है। नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को प्रदाय करने के लिये एकीकृत एकल एसएपी, ईआरपी प्लेटफार्म आधारित ई-नगरपालिका 1.0 लागू की गयी थी। इसके बाद ई-नगर पालिका 2.0 नगरीय निकायों में लागू कर दी गयी है।

### बड़वारा पुलिस ने विलायता क्षेत्र में तो स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम पड़वार में दी दबिश

# तस्करों एवं कच्ची शराब बनाने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शराब के अवैध कारोबार एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध नवागत पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा के सख्त निर्देशों के बाद अब थानों की पुलिस थोड़ी चौकस नजर आ रही है। शराब की तस्करी एवं अवैध निर्माण करने वालों के विरूद्ध पुलिस ने कार्यवाही की है। हालांकि पुलिस की छुटपुट कार्यवाही नाकाफी है। जिले में जितने बड़े पैमाने पर ठेकेदारों ने अपना नेटवर्क फैला रखा है उस हिसाब से पुलिस की कार्यवाही महज खानापूर्ति तक ही सिमटी नजर आ रही है। हैरानी की बात यह है कि पुलिसिया कार्यवाही महज छुटभैयों तक ही सीमित है जबकि माफियाओं और ठेकेदारों को अभयदान मिला हुआ है।

बड़वारा क्षेत्र में हुई कार्रवाई

बड़वारा पुलिस ने कच्ची शराब बनाने वाले ठिकाने में दबिश देकर कार्यवाही की है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा निर्देशों के बाद की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं डीएसपी हेडक्वाटर उमराव सिंह के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री, निर्माण करने वालो के विरूद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। अधिकारियो के मार्गदर्शन में बुधवार को सउनि महेश प्रताप सिंह व हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान सूचना प्राप्त होने पर ददरी मोहल्ला विलायतकला मे रेड कार्रवाई की गई। जहां एक व्यक्ति दो गुम्मो में करीब 25 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती करीब 2500 रूपये का शराब लिये मिला। आरोपी अरविन्द सिंह पिता स्व० उदय सिंह गोड उम्र 58 साल निवासी ग्राम विलायतकला रमगढा मोहल्ला थाना बडवारा जिला कटनी म.प्र. के विरुद्ध थाना बड़वारा में धारा 34(1) आब एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मौके पर 40 प्लास्टिक के डिब्बों में भरा महुआ लाहन कुल 450 कि.ग्रा. कीमती 50 हजार रुपये एवं शराब निर्माण भट्टी नष्ट की गयी।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. केके पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्रआर वीरेन्द्र चढ़ार, आर. गौरीशंकर राजपूत, आर. आशीष तिवारी, आर. बृजलाल प्रजापति की विशेष भूमिका रही।

#### दो ठिकानों में दबिश देकर जब्त की गई 135 पाव शराब

इसी तरह स्लीमनाबाद पुलिस ने अवैध शराब के व्यापार में लिप्त दो आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर अवैध शराब जब्त करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया।

स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के द्वारा अवैध व्यापार एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कार्यवाही करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए गए हैं।

मुखबिर की सूचना पर गत दिवस दो ठिकानों पर रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के द्वारा ग्राम पड़वार से आरोपी राजकुमार पिता महेश प्रसाद जायसवाल निवासी पड़वार के कब्जे से 80 पाव लाल देशी मदिरा कीमती 8000 रूपये एवं ग्राम जुजाबल से बबलू पिता जगदीश सिंह ठाकुर निवासी जुजाबल के कब्जे 55 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 5500 रुपए की अवैध शराब रखे हुए पकड़ी गयी। जिनके विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।





कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अखलेश दाहिया, उनि काशिराम झारिया, सउनि सतीश जाटव, आर. विशाल शिवहरे, सोने सिंह की अहम रही।

### अग्नि दुर्घटना से बचाव के लिए सजगता एवं जानकारी ही उपाय

**कटनी**। शहर के औद्योगिक एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में आये दिन होने वाली आगजनी की दुर्घटना के दौरान होने वाली संभावित जन-धन की हानि एवं आस - पास के सार्वजनिक क्षेत्रों में आग फैलने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने शहर के समस्त व्यावसायिक एवं अन्य क्षेत्र में कार्यरत नागरिकों से आगजनी दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी रखने एवं जागरूक रहने को कहा है। ताकि ऐसी दुर्घटनाओं के दौरान उनसे होने वाले संभावित नुकसानों से बचा जा सके। इसके लिए कटनी नगर निगम द्वारा समय-समय पर जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जाती है। निगमायुक्त श्री दुबे के निर्देश पर पूर्व में नगर के सभी होटल, अस्पताल, स्कूल, मैरिज गार्डनों आदि का निरीक्षण किया जाकर सभी को फायर एन.ओ.सी प्राप्त करनें के निर्देश दिए गए है। निगमायुक्त श्री दुबे ने बताया कि घर बनाते समय अग्नि से सुरक्षा रखने की आवश्यकता है। आग लगने पर तत्काल इसका समाधान करने पर आग बढ़ेगी नहीं और स्थानीय स्तर पर इसका समाधान हो जाएगा। बहुत से ऐसे कारण होते हैं, जिसके कारण आग लगती है, फिर उसे नियंत्रित करना कठिन होता है।

*मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने ननि का महत्वपूर्ण कदम*

# नगर के वार्डो में 2.45 करोड़ की लागत से कराये जाएंगे विभिन्न विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन के माध्यम से प्राप्त अनुदान के माध्यम से नागरिकों को मूलभूत सुविधांए सहित अधोसंरचा विकास कार्य मुहैया कराकर नगर का एकरूपता के साथ विकास किये जानें हेतु नगर निगम प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को दृष्टित रखते हुए नगर में विकास कार्यो का सिलसिला अनवरत जारी है। जिसके तहत नगर के विभिन्न वार्डो में सामुदायिक भवन, सुगम आवागमन हेतु सड़क तथा सुचारू जलनिकासी की व्यवस्था हेतु नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यो हेतु 2 करोड़ 45 लाख 16 हजार 565 रूपये की लागत से विकास कार्य कराएं जाएंगे।

नगर निगम द्वारा जारी निविदा अनुसार दो वार्डो को सामुदायिक भवन की सौगात प्रदान की जायेगी। जिसके तहत रधुनाथ गंज वार्ड क्रमांक 23 में 53 लाख 8 हजार 453 रुपये की लागत से सामुदायिक भवन एवं प्रसाधन का निर्माण कराया जायेगा तो वहीं राम निवास सिंह वार्ड स्थित हरिजन बस्ती में 13 लाख 90 हजार 239 रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। बाबा नारायण शाह वार्ड में 25 लाख 37 हजार 186 रुपये की लागत से रोहरा बाल मंदिर के भवन का नव निर्माण कराया जायेगा। वहीं जालपा देवी वार्ड स्थित सामुदायिक भवन में 13 लाख 30 हजार 869 रुपये की लागत से टाइल्स आदि लगाने के कार्य सहित रामनिवास सिंह वार्ड में 11 लाख 33 हजार 914 रुपये की लागत से रामलीला मैदान में रैलिंग कोटा एवं आवश्यक मरम्मत कार्य भी शामिल किया गया है।

#### निर्माण एवं मरम्मत कार्य

नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जारी निविदा में शिवाजी वार्ड में मुस्लिम कब्रिस्तान से दुर्गेश कुशवाहा के घर तक 15 लाख 17 हजार 460 रूपये की लागत से नवीन आर.सी.सी रोड निर्माण तथा वीर सावरकर वार्ड में संतोषी माता मंदिर से संजू बंगाली के निवास तक 14 लाख 38 हजार 427 लाख रूपये की लागत से सड़क मरम्मत एवं सुधार कार्य भी शामिल किया गया हे।

विभिन्न वार्डो में सुगमता से जल निकासी की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न चार वार्डो में 86 लाख 12 हजार 518 रूपये से नाली निर्माण कार्य होंगे। इन वार्डो में इंदिरा गांधी वार्ड, पंडित दीनदयाल वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में, विवेकानंद वार्ड स्थित साउथ स्टेशन एवं मेन रोड तक दोनों ओर सहित विश्राम बाबा वार्ड में झिंझरी पशु चिकित्सालय से गैस गोदाम मार्ग में सी.सी नाली का निर्माण कराया जायेगा। वहीं जय प्रकाश वार्ड में 12 लाख 47 हजार से नाला रिपेयरिंग वाल का निर्माण कराया जाना शामिल है।

### कबीर जयंती पर कन्याभोज एवं भंडारे का आयोजन



महान संत सतगुरू कबीर साहब की जयंती के अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित कबीर मंदिर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर में सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरूषों की भी देखने को मिली। सुबह मंदिर में सबसे पहले आरती व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। भजनों की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात झंडा चढ़ाया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सबसे पहले कन्याभोज का आयोजन किया गया। कन्याभोज के बाद आम भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर प्रसाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सखारामजी कोरी, चम्मूलाल कोरी, राजेन्द्र कोरी, अवधेश दाहिया, ऊदल कोरी, दुर्जन लोधी, शिवकुमार कोरी, आनंदराम कोरी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर द्वारा आदतन अपराधी के विरूद्ध की गई जिलाबदर की कार्यवाही

### 3 माह की अवधि के लिए किया जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कारसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने रघुनाथगंज वार्ड कटनी निवासी मयंक रैकवार पिता राजेश रैकवार उम्र 24 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 3 माह की अवधि के लिएजिले की राजस्वक सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

#### आचरण में नहीं सुधार

कलेक्टर श्री यादव ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। मयंक रैकवार के विरूद्ध वर्ष 2022 से अब तक की अल्पि अवधि में ही 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है जिनमें अवैध वसूली करना, गाली-गलौज एवं मारपीट करना, चाकूबाजी करना, अवैध शस्त्रा कब्जें में रखना, जान से मारने की धमकी देना, विस्फोकटक पदार्थ कब्जें में रखना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्याक्तियों को जातिगत रूप से अपमानित करना एवं आमजन की संपत्ति में तोड़-फोड़ कर नुकसान पहुंचाना जैसे मामले पंजीबद्ध है।पुलिस के द्वारा मयंक रैकवार के विरूद्ध कई बार वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी मयंक के आचरण व्यावहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

मयंक की आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने के कारण आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री यादव ने आदतन अपराधी मयंक को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्वत सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्नास एवं उमरिया जिले की राजस्वन सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

*किसान संघ ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन*

# किसान संघ ने किया विरोध प्रदर्शन, जल्द खरीदी चालू नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

सरकार के द्वारा घोषणा की गई थी ग्रीष्मकालीन फसल मूंग उड़द की खरीदी सरकार के द्वारा नहीं की जाएगी इसको लेकर किसानों को चिंता सताने लगी किसानों ने इस निर्णय के विरोध में भारतीय किसान संघ के द्वारा हनुमान मंदिर के पास एकत्रित होकर नारेबाजी की गई और तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम निधि गोहल को ज्ञापन सौंप कर जल्द खरीदी चालू करने की मांग की है किसान संघ ने चेतावनी देते हुए बताया कि अगर जल्दी खरीदी चालू नहीं होती है तो किसान धरना प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे और भारती किसान संघ किसानों के हित के लिए तत्पर है भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष सतीश ज्योतिषी ने कहा कि किसान के द्वारा दिन-रात मेहनत कर इस भीषण गर्मी में मुंग उड़द की फसल तैयार की जाती है और किसने की यह सबसे महंगी फसल है जिसको तैयार होने में तो दो माह लगते हैं लेकिन देखरेख मेहनत पैसा किसानों का दोनों ही लगता है जिसके बाद यह फसल तैयार की जा रही और सरकार के द्वारा मूंग उड़द की खरीदी ना होने से बाजार में व्यापारियों के द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है एवं सस्ते दामों में फसल खरीदने से किसानों आर्थिक नुकसान होगा फसलों में लागत बहुत ही ज्यादा लगती है खरीदी बंद होने से किसान भाई बहुत परेशान है भारतीय किसान संघ ढीमरखेड़ा की ओर से किसान हित में उड़द एवं मूंग की शासकीय उपार्जन केंद्र मांग की है जिससे किसान व्यापारियों के शोषण से बच सके क्योंकि उड़द का समर्थन मूल्य शासन द्वारा 7400 प्रति क्विंटल है और मंडी में अधिकतम मूल ₹6000 प्रति क्विंटल किसानों से खरीदा जा रहा है जिससे किसानों को 1400 रुपए प्रति क्विंटल पर नुकसान हो रहा है एवं मूंग का समर्थन मूल्य 8650 है जबकि मंडी में अधिकतम खरीदी मूल्य ₹6500 से लेकर 7000 प्रति कुंतल खरीद जा रहा है जिससे किसानों को 1600 से 2000 प्रति कुंटल का नुकसान हो रहा है जिससे किसान की लागत भी नहीं निकल पा रही है।



### जल निकासी एवं आवश्यक सुरक्षा के प्रबंध कर बचाव, राहत आदि हेतु सौपे दायित्व

# बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटनें की पूर्व तैयारियां दुरूस्त करने दिये आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन निर्देशों के अनुपालन में आगामी मानसून सत्र के दौरान बाढ़ की संभावित स्थिति से निपटनें तथा जान-माल की क्षति को कम करनें के उद्धेश्य से पूर्व से तैयारियां कर अतिवृष्टि या बाढ़ की स्थिति में निचली बस्तियों मे जल निकासी एवं आवश्यक सुरक्षा के प्रबंध कर बचाव, राहत आदि कार्य व्यवस्था के संबंध में निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी किया जाकर अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौपे गए है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु विभागीय कार्य व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु श्री शैलेष गुप्ता उपायुक्त को बाढ़ नियंत्रण अधिकारी एवं नोडल अधिकारी, सुधीर मिश्रा प्रभारी कार्यपालन यंत्री एवं जागेश्वर प्रसाद पाठक राजस्व अधिकारी को सहायक बाढ़ नियंत्रण व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा बाढ़ आनें अथवा निचली बस्तियों में पानी भराव की स्थिति से निपटनें की कार्यव्यवस्था हेतु निगम के अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौपें जाकर बाढ़ प्रकोष्ठ तैयार करनें, शासन एवं प्रशासन द्वारा चाही गई जानकारी तैयार कराना, आपदा प्रबंधन कक्ष में बाढ़ आपदा सामग्री का भंडारण सुनिश्चित करनें, आपदा राहत कार्यो में सहयोगी सामाजिक संस्थाओं, व्यक्तियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु उपायुक्त श्री शैलेष गुप्ता को प्रभारी नियुक्त कर सहयोगी के रूप में 5 अधिकारियों सहायक यंत्री स्वास्थ्य अधिकारी प्रभारी फयर नियंत्रण अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों को दायित्व दिया है।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मुनादी करानें, कच्चे पुराने जीर्ण शीर्ण एवं जर्जर भवनों का सर्वे कर चिन्हित कर नोटिस जारी करना, जी प्लस टू एवं इससे अधिक उंचाई वाले भवनों में तडित संचालक यंत्र की स्थापना हेतु सूचना पत्र जारी करना, बिल्डिंग बायलॉज एवं अग्नि सुरक्षा के मानकों का कड़ाई से परिपालन सुनिश्चित करनें, वर्षा काल के दौरान भवन गिरनें की स्थिति में राहत और बचाव की संपूर्ण कार्यव्यवस्था सुनिश्चित करनें सहित नदी घाटों पर बेरिकेडिंग करानें हेतु प्रभारी अधिकारी कार्यपालन सुधीर मिश्रा को नियुक्त कर सहयोगी के रूप में कर्मचरियों की डयूटी लगाई गई है।

निगमायुक्त नें अधिकारियो को प्रभार क्षेत्र के वार्डों में राहत स्थलों का चिन्हांकन तथा प्रभावितों को सहायता प्रदान करने की व्यवस्था करने,नदी घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगवाना एवं प्रभार क्षेत्र के वार्डो में आने वाले बाढ़ राहत केन्द्रो में आवश्यक व्यवस्थाएँ कराने, बाढ़ संभावित क्षेत्रों में लोगों को संकट से सचेत और सावधान रहने के लिये सतर्क करना और उनमें जागरुकता लाने, नदी किनारे की बस्तियों क्षेत्र, जहां पूर्व में बाढ़, जलप्लावन की स्थितियां निर्मित हुई थी, वहां पर पूर्व अनुभवों के आधार पर विशेष व्यवस्था करने, क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों के मरम्मत, पुर्ननिर्माण, रख-रखाव की कार्यवाही कर सड़कों की स्थिति की समीक्षा किए जाने के साथ-साथ स्थानीय गोताखोरों की सूची तैयार करने,सभी खदानों के आस-पास के 02 तैराकों को सूचीबद्ध कर उन्हें जिला कमांडेंट से आवश्यक प्रशिक्षण की दिलाने की कार्यवाही करने, कटनी नदी के घाटों- गाटरघाट, मोहनघाट में संबंधित विभाग ,एजेंसी (रेल्वे, ब्रिज कार्पोरेशन) को सुधार हेतु पत्र जारी कर कलेक्टर कार्यालय स्थित राहत शाखा को सूचित करने, सागर पुलिया एवं आर्डनेंस फैक्ट्री के पास जलभराव की निकासी हेतु संबंधित विभागों को सूचना पत्र जारी कराये जाने हेतु प्रभारी अधिकारी सुधीर मिश्रा को नियुक्त कर सहयोगी के रूप में अन्य अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

इसी प्रकार आवश्यकतानुसार वाहन, सर्च लाइट एवं सायरन बाढ़ प्रभावित,निचले क्षेत्रों एवं नदी घाटों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, हैलोजन, जनरेटर सेट,पेट्रोमैक्स की व्यवस्था करने, विद्युत कर्मियों को पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था करने, विद्युत पोलों में विद्युत करंट फैलने की स्थिति निर्मित ना हो, इसकी तैयारी रखने के साथ वर्षाकाल में नगर के मार्गों में वृक्षों या शाखाओं के गिरने पर तत्काल टीम भेजकर हटवाते हुये सुचारु आवागमन की कार्यवाही किए जाने वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व नगर के सभी नाले-नालियों, स्टॉम वॉटर ड्रेन एवं सीवरेज प्रणाली की साफ-सफाई कराये जाने, अतिवृष्टि होने पर जलभराव बाले स्थानों से जल निकासी कीटनाशक का छिड़काव करने दायित्व सौपे हैं।

### लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आज

**कटनी**। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में गुरूवार 12 जून को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में कलेक्टर द्वारा डिस्ट्रिक्ट लेवल एक्सपोर्ट प्रमोशन कमेटी के अंतर्गत एक जिला एक उत्पाद की समीक्षा भी की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक दिनेश मर्सकोले ने अधिकारियों एवं उद्योगपतियों व सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### हाईवे पर लगा रहा घंटों जाम, पुलिस ने ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला

**मैहर**। बीती रात भीषण सड़क हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ड्रम से लदा हुआ तेज रफ्तार ट्रक हाईवे किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। इस हादसे की वजह से ट्रक चालक कई घंटों तक ट्रक में फंसा रहा। सूचना के बाद पहुंची पुलिस और अन्य लोगों की मदद से ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकला। बताया जा रहा है कि मंगलवार और बुधवार की देर रात 2 बजे के आस पास मैहर के झुकेही चौकी अंतर्गत हाईवे पर कटनी तरफ से खाली ड्रम लोड कर ट्रक नंबर जीजे 17 एक्स एक्स 1852 भैरव नाथ यादव उम्र 37 पिता धर्मराज यादव निवासी कैमोर आ रहा था कि तभी हाईवे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार रही कि ट्रक के परखच्चे उड़ गए। हादसे की वजह से ट्रक का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक भैरवनाथ केविन कई घंटों तक फसा रहा।



# क्रोएशिया में एक लड़की पर भड़कीं शिल्पा शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी इस समय क्रोएशिया में अपने पति और परिवार के साथ मौजूद हैं। हालांकि, एक्ट्रेस अपने जन्मदिन के सिलसिले से वहां एंजाय करने पहुंची थीं। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में कहा जा रहा है कि अभिनेत्री और उनका परिवार एक विदेशी लड़की से लड़ रहा है। बताया गया कि ये वीडियो क्रोएशिया के हावर आईलैंड का है। वीडियो में कुछ कहासुनी होती दिख रही है और वहां लोगों की भीड़ भी जमा है। शिल्पा और उनका परिवार एक युवा विदेशी लड़की से बहस कर रहे हैं।

लाइफ Style

# दिव्या

## खुद से प्यार करना अच्छा

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई एक्टर्स हैं, जिन्होंने अपने जीवन में अब तक शादी नहीं की है, उसी कड़ी में दिग्गज अभिनेत्री दिव्या दत्ता का भी नाम आता है। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में अपने पर्सनल और प्रोफेशन लाइफ के बारे में बात की है, जिसमें उन्होंने खुद के सिंगल रहने को लेकर भी विचार प्रकट किए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने हाल ही में हिंदी रश के साथ एक इंटरव्यू में शामिल हुईं। बातचीत के दौरान एक्ट्रेस से अभी तक शादी ना करने के पीछे का कारण पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने बताया, 'मुझे लगता है कि जब तक आपको आपके मन का पार्टनर ना मिले, तब तक शादी नहीं करनी चाहिए। गलत व्यक्ति से शादी करने से बेहतर है आप खुद का ख्याल स्वयं रखें। मुझ पर बहुत से पुरुष आकर्षित होते हैं, लेकिन रिश्ता तब बनता है, जब आप किसी से दिल से जुड़ते हैं। आगे बातचीत में उन्होंने कहा, 'मैं शादी नहीं करना चाहती, लेकिन मुझे एक साथी चाहिए जिसके साथ मैं यात्रा कर सकूं। अगर नहीं, तो भी मैं खुश हूं। मेरे एक दोस्त ने मुझसे पूछा कि 'तुम सिंगल क्यों हो?' इसके जवाब में मैंने कहा कहा, मुझे लगता है कि मैं बहुत योग्य हूं।' एक समय आता है जब आप पूर्णता की तलाश बाहर करते हैं, जो आवश्यक नहीं है। यह आवश्यक नहीं है कि आप तभी कंप्लीट होंगे जब एक अच्छा साथी आपके जीवन में आएगा। मुझे यह गलतफहमी थी। मैं अपने दिल की बात खुलकर कहती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। अगर दिव्या दत्ता के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'छावा' फिल्म में देखा गया था।



हॉलीवुड मसाला



# 13 साल बाद आ रहे हैं भारत

**लॉस एंजिल्स।** पॉप म्यूजिक की दुनिया के दिग्गज सितारे स्पैनिश सिंगर एनरिक इग्लेसियस करीब 13 साल बाद भारत में एक बार फिर से परफॉर्म करने के लिए तैयार हैं। इंटरनेशनल पॉप सिंगर मुंबई में अपने फैन्स के बीच एक बार फिर से जल्द ही हाजिर होने जा रहे हैं। इसी बीच एनरिक का एक पुराना स्टेज शो का वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है, जिसे देखकर लोगों को उदित नारायण की याद आ गई है। बताया जा रहा है कि पॉप सिंगर 13 साल बाद मुंबई में इसी साल 30 अक्टूबर को परफॉर्म करने के लिए पहुंच रहे हैं।



# लाइव शो में स्टेज पर कूदा शख्स सिंगर की निकल गई चीख...

**सिडनी।** फेमस सिंगर कैटी पेरी को हाल ही में सिडनी में अपने कॉन्सर्ट के दौरान एक चौंकाने वाली घटना का सामना करना पड़ा। एक फैन स्टेज पर कूद पड़ा और सिंगर के कंधे पर हाथ रखकर नाचने लगा। सिंगर हैरान हो गईं और चीखने लगीं, उससे दूर चली गईं, लेकिन परफॉर्मेंस नहीं रोका। बाद में सिक्योरिटी गार्ड्स ने फैन को स्टेज से घसीट कर नीचे उतारा। इस घटना का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। सिंगर कैटी पेरी अपना गाना 'हॉट एंन कोल्ड' गा रही हैं। तभी एक फैन स्टेज पर कूदकर उनकी ओर दौड़ा। इससे पहले कि सिंगर को कुछ समझ में आता कि क्या हुआ, उस शख्स ने उनके कंधे पर हाथ रखा और कूदना-नाचना शुरू कर दिया। हैरान कैटी को चिल्लाते हुए और फिर उस शख्स से दूर जाते हुए देखा गया। ये घटना होने के बावजूद 40 साल की सिंगर कैटी पेरी ने अपनी परफॉर्मेंस नहीं रोकी। वो 2008 का हिट गाना जारी रखती हैं।



# प्रियंका ने शेयर की बचपन की तस्वीर

**मुंबई।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा अक्सर सोशल मीडिया पर अपने निजी जीवन से जुड़े पलों को साझा करती रहती हैं। अभिनेत्री के पिता डॉ. अशोक चोपड़ा का 10 जून 2013 में बीमारी के चलते निधन हो गया था। बीते मंगलवार को एक्ट्रेस के पिता की 12वीं पुण्यतिथि थी। इस मौके पर अभिनेत्री ने अपने पिता को याद करते हुए देर रात एक तस्वीर शेयर की है, जो दिल को छू लेने वाली है। साझा किए गए पोस्ट में अभिनेत्री ने अपने बचपन की एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वो पिता के साथ दिख रही हैं। उन्हें याद करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, 'मैं आपको हर दिन याद करती हूं, पापा।' इस तस्वीर में वो पिता संग किसी बर्फीली जगह पर छुट्टियों को एंजाय करती दिख रही हैं। प्रिंयका अपने पिता के निधन के कुछ दिनों बाद ही काम पर वापस लौट आई थीं।



# हर कोई मुस्कुराता है एक ही भाषा में

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर ने बुधवार को एक खास तस्वीर शेयर की है, जो कि एक फ्लाइट के दौरान की है। इस सफर पर उनके साथ फिल्म कुबेर की स्टार कास्ट नागार्जुन और रश्मिका मंदाना भी नजर आए। इस खास तस्वीर को अनुपम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया और साथ ही एक खास नोट भी लिखा। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नागार्जुन और रश्मिका मंदाना के साथ एक खास तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, हर कोई एक ही भाषा में मुस्कुराता है। हैदराबाद से मुंबई तक की यह उड़ान कितनी शानदार थी! एक बहुत ही प्रतिभाशाली मिस रश्मिका मंदाना और मेरे सबसे प्यारे दोस्त #नागार्जुन ने अपने प्राकृतिक आकर्षण और खुद के होने से सफर को सुंदर बना दिया- खुश और वास्तविक! अगर मैं तस्वीर में भी अच्छा दिख रहा हूं तो इसका सारा श्रेय सेल्फी लेने वाली रश्मिका को जाता है। जय हो।

टीवी मसाला



# द ट्रेटर्स शो में हर चेहरा शक के घेरे में!

**नई दिल्ली।** सोचिए अगर आपके साथ 20 लोग हों और आपमें से ही 3 लोग चुपके से आपके खिलाफ साजिश कर रहे हों! आप किस पर भरोसा करेंगे? और किसे शक की नजर से देखेंगे? ऐसी ही सस्पेंस से भरी कहानी लेकर आ रहा है करण जौहर का नया रियलिटी शो द ट्रेटर्स, जो 12 जून से प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रहा है। ये शो केवल ड्रामा नहीं, बल्कि दिमागी खेल, धोखा और एंटरटेनमेंट का जबरदस्त मिक्स है। इस शो की पहली खासियत है इसका स्टार कास्ट! यहां आपको करण कुंद्रा, जन्नत जुबैर, अंशुला कपूर, रफ्तार, जैस्मिन भसीन और सुधांशु पांडे जैसे 20 चर्चित नाम एक साथ नजर आएंगे। टीवी, फिल्म और सोशल मीडिया से जुड़े ये सितारे, हर एपिसोड में नए ट्विस्ट और इमोशन्स का डोज देने वाले हैं। जब शो में उर्फी जावेद और अपूर्वा मखीजा जैसे नाम हों, तो विवाद होना तय है। ट्रेलर में ही दिख गया है कि ये दोनों सबसे पहले शक के घेरे में आ जाते हैं। द ट्रेटर्स का कांसेप्ट भारतीय टीवी पर अब तक का सबसे अलग और इनोवेटिव है। ये न तो रोडीज है, न बिग बॉस और न ही खतरों के खिलाड़ी. इसमें दिमाग, भरोसा, गेमप्ले और माइंड गेम्स सब कुछ है। लोगों के लिए ये एक फ्रेश ब्रीज साबित हो सकता है। करण जौहर के नाम से ही समझ आ जाता है कि शो में ग्लैमर और ड्रामा दोनों का तड़का मिलेगा. सेलेब्स के बीच होने वाली लड़ाइयां, दोस्ती और धोखा - सब कुछ आपको रोज टीवी से बांधे रखेगा।

## अगले महीने आपके घर आ रहे हैं मिहिर-तुलसी

नई दिल्ली। एकता कपूर के सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने टीवी की दुनिया पर राज किया था। ये साल 2000 से 2008 तक टेलीकास्ट हुआ था। इसके 1,833 एपिसोड आए थे। अब इसका दूसरा सीजन आ रहा है। शो 3 जुलाई को वापसी कर सकता है। इस शो का प्रीमियर ठीक इसी दिन 2000 में स्टार प्लस पर हुआ था। यानी 25 साल पहले। ये भी बताया जा रहा है कि निर्माता एकता कपूर के पिता जीतेंद्र इस शो के सीक्वल में नजर आएंगे।



स्मृति ईरानी इस शो में फिर से तुलसी विरानी बनेंगी। उन्होंने कथित तौर पर कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए हैं। रिपोर्ट्स का कहना है कि दूसरे सीजन में लगभग 150 एपिसोड होंगे और इसकी क्लासिक कहानी को नए विजन के साथ परोसा जाएगा। हालांकि, अभी तक मेकर्स ने इस पर ऑफिशियली कोई बयान नहीं दिया है। टीवी के सबसे सक्सेसफुल सीरियल में आदर्श बहू तुलसी के अलावा मिहिर विरानी (अमर उपाध्याय) भी नजर आएंगे।

# आमिर ने यूनीक तरीके से किया फिल्मों का प्रमोशन

**मुंबई।** फिल्म 'सितारे जमीन पर' 20 जून को रिलीज होगी, इस फिल्म में आमिर खान एक कोच के रोल में नजर आ रहे हैं, जो स्पेशल चाइल्ड की एक बॉस्केटबॉल टीम को ट्रेनिंग देते हैं। इन दिनों आमिर खान अपनी इस फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में वह इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान मुंबई में वड़ा पाव बेचते दिखे। एक वड़ा पाव बेचने वाले के साथ खड़े होकर वड़ा पाव बनाकर लोगों को देते दिखे। यह पहली बार नहीं है कि किसी फिल्म के प्रमोशन के लिए आमिर खान ने अलग तरीका अपनाया हो, पहले भी अलग-अलग ढंग से वह अपनी फिल्मों का प्रमोशन कर चुके हैं।

**गजनी :** साल 2008 में आमिर खान की फिल्म गजनी रिलीज हुई। इस फिल्म में उनके किरदार को शॉर्ट टर्म मेमोरी लॉस होता है। ऑपरेशन के कारण सिर पर एक निशान बन जाता है और बाल भी छोटे होते हैं। फिल्म में आमिर का यह हेयरस्टाइल काफी पॉपुलर हुआ। आमिर खान ने इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान कुछ फैंस को यही हेयरस्टाइल अपने हाथों से बनाकर दिया। वह एक नाई की दुकान पर दिखाई दिए और फैंस को गजनी हेयरकट देते नजर आए।




**धूम 3:** 2013 में फिल्म धूम 3 के प्रमोशन के दौरान आमिर खान गायब नजर आए। दरअसल, फिल्म में वह एक जादूगर के रोल में थे। ऐसे में वह खुद को प्रमोशन से दूर रखकर दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा करना चाहते थे। रिलीज से कुछ समय पहले ही वह फिल्म प्रमोशन के दौरान नजर आए।

**थ्री इडियट्स :** फिल्म थ्री इडियट्स (2009) के लिए एक गेम लॉन्च किया। जिसमें लोगों को बताना था कि गेटअप बदलकर आमिर खान देश में कहां ट्रैवल कर रहे हैं। दर्शकों को भी यह गेम और प्रमोशन का तरीका काफी पसंद आया था।

# न इज्जत मिली, न पैसा; अमिताभ को एक फिल्म के लिए बेलने पड़े पापड़

*नई दिल्ली। बॉलीवुड का वो एक्टर जो पिछले 5 दशक से इंडस्ट्री पर राज कर रहा है। आज उनकी एक झलक पाने के लिए लोग घंटों लाइन में खड़े रहते हैं। किसी भी सीन में जान डालने के लिए उनकी आवाज में 2 लाइनें ही काफी हैं। आज बॉलीवुड के शहंशाह और बेताज बादशाह अमिताभ बच्चन के साथ काम करना हर एक्टर का सपना होता है, लेकिन 5 दशक लंबे कॅरियर में एक समय ऐसा था कि कोई उन्हें काम देना ही नहीं चाहता था। आज दुनिया जिस आवाज की दीवानी है, उसी आवाज की वजह से एक्टर को फिल्में ऑफर नहीं होती थीं। कभी कद-काठी तो कभी आवाज उनके शुरुआती कॅरियर में रोड़ा बनीं, लेकिन हर मुश्किल को पार कर बिग बी ने अपने संघर्ष से सफलता की एक अतुल्नीय मिसाल कायम की। अमिताभ बच्चन ने साल 1969 में फिल्म सात हिंदुस्तानी से फिल्मों की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म का निर्देशन ख्वाजा अहमद अब्बास ने किया था। ये अमिताभ बच्चन के कॅरियर की पहली फिल्म थी और इसमें वो 6 एक्टर्स के साथ नजर आए थे। अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म में अनवर अली, उतपल दत्त, जलाल अघा, दीना पाठक सहित कई मंझे हुए कलाकार थे।*



## फिल्म के लिए मिले थे 5000 रुपए

बिग बी की डेब्यू फिल्म के बारे में बात करते हुए डायरेक्टर और एक्टर टीनू आनंद ने एक किस्सा शेयर किया था। उन्होंने बताया था कि फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन को बस 5 हजार रुपए की फीस मिलने वाली थी। टीनू आनंद ने कहा था कि उन्हें अमिताभ बच्चन को ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी के लिए 5,000 रुपए देने का गंदा काम सौंपा गया था।

## नीना सिंह ने सुझाया था अमिताभ का नाम

उन्होंने बताया कि फिल्म की एक्ट्रेस नीना सिंह ने अमिताभ बच्चन का नाम सुझाया था। हालांकि, अब्बास ने कहा कि अमिताभ बच्चन को अपने खर्चे पर मुंबई आकर ऑडिशन देना होगा। इसी तरह सुपरस्टार ने सपनों की नगरी में कदम रखा। उस समय को याद करते हुए टीनू आनंद ने कहा, मैं ही था जो उन्हें अब्बास साहब के ऑफिस ले गया था। शाम को, मुझे अमिताभ को पूरे फिल्म के लिए 5,000 रुपए देने का गंदा काम सौंपा गया, चाहे फिल्म बनाने में एक साल लगे या पांच साल।

## अभिनय उम्दा और खूबसूरती गजब की थी, वैजयंती माला से होती थी तुलना

# बाली उम्र में रखा इंडस्ट्री में कदम, 30 साल में दी 250 फिल्में

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा का इतिहास सिर्फ अच्छी फिल्मों और कहानियों से नहीं बना, बल्कि उन खास कलाकारों से भी बना है, जिन्होंने अपने छोटे से कॅरियर में बड़ा असर डाला है। ऐसे ही एक कलाकार थीं 'पद्मिनी। वह न सिर्फ सुंदर अभिनेत्री थीं, बल्कि शास्त्रीय नृत्य कला में निपुण थीं। पद्मिनी भले ही ज्यादा समय तक फिल्मों में नहीं रहीं, लेकिन अपनी कला में इतनी माहिर थीं कि देखने वाले दाद दिए बिना नहीं रह पाते थे। उस दौर में दर्शक उनकी तुलना दिग्गज अभिनेत्री वैजयंती माला से करते थे। दरअसल, पद्मिनी का अभिनय उम्दा और खूबसूरती गजब की थी, उस दौर में दर्शक उनकी तुलना मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला से करते थे। उस जमाने में वैजयंती माला भी बेहतरीन एक्ट्रेस के साथ-साथ शानदार भरतनाट्यम डांसर के रूप में जानी जाती थीं। बताया जाता है कि इसी वजह से दोनों के बीच हमेशा प्रतिस्पर्धा रहती थी। साल 1958 में आई फिल्म राज तिलक में पद्मिनी और वैजयंती माला का फेस ऑफ सुर्खियों में था। दोनों ने आजा राजा बेकरार गाने पर परफॉर्म किया था। इसके अलावा फिल्म वंजिकोट्टई वेलिबन में भी दोनों के बीच डांस की कड़ी टक्कर देखी गई।



## शास्त्रीय नृत्य से दर्शकों का मोह लिया मन

पद्मिनी का जन्म 12 जून 1932 में तमिलनाडु के त्रिवेंद्रम में हुआ। पद्मिनी मलायली परिवार से ताल्लुक रखती थीं। 16 साल की उम्र में उन्होंने फिल्मी जगत में कदम रखा और हिंदी फिल्म कल्पना में नजर आईं, इस फिल्म में उन्हें बतौर डांसर के तौर पर कास्ट किया गया। फिल्म में उन्होंने शास्त्रीय नृत्य से दर्शकों का मन मोह लिया। इस फिल्म में उनकी बहन ललिता भी थीं।

## काबिलियत को दुनिया ने किया सलाम

पद्मिनी की दो और बहनें थीं, रागिनी और ललिता. तीनों को 'ट्रावनकोर सिस्टर्स'कहा जाता था। उनकी काबिलियत को दुनिया ने सलाम किया। पद्मिनी का फिल्मी कॅरियर लगभग 30 साल रहा है। उन्होंने हिंदी से लेकर तमिल, कन्नड़ और तेलुगु भाषा समेत 250 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।



## शोमैन राज कपूर के साथ हिट रही फिल्में

वह जिस देश में गंगा बहती है, अफसाना, चंदा और बिजली, रागिनी, अमरदीप, राजतिलक, मेरा नाम जोकर, आशिक, भाई-बहन, दर्द का रिश्ता, मस्ताना, परदेसी जैसी कई फिल्में कीं। उन्होंने राज कपूर, एम. जी रामचंद्रन, शिवाजी गणेशन, राजकुमार, प्रेम नासिर, एनटी रामा राव, सत्यन, देवानंद और शम्मी कपूर जैसे मशहूर अभिनेताओं के साथ काम किया। दर्शकों ने उनकी जोड़ी को शोमैन राज कपूर के साथ काफी पसंद किया।

## एक्टिंग के बाद निर्देशन से लोकसभा तक का सफर

साल 1989 में रिलीज हुई फिल्म मोहब्बत का पैगाम के जरिए उन्होंने निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। अभिनय और निर्देशन के अलावा, पद्मिनी ने राजनीतिक क्षेत्र में भी अपनी किस्मत आजमाई। साल 1966 और 1971 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के टिकट से लोकसभा चुनाव लड़ा था।